भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3333**

(जिसका उत्तर सोमवार, 16 दिसंबर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

**दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में एमएसएससी योजना की प्रगति**

**3333.श्री अनुराग सिंह ठाकुरः**
**डॉ. बायरेड्डी शबरीः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि: -

(क) एमएसएससी के अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या के संबंध में राज्य, ग्रामीण-शहरी और दूरस्थ तथा जनजातीय क्षेत्रों के आधार पर अलग-अलग आंकड़े क्या हैं; और

(ख) औपचारिक बैंकिंग सुविधा से वंचित महिलाओं के लिए योजना के बारे में व्यापक जागरूकता और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) दिनांक 31.10.2024 तक महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना (एमएसएससी) के तहत महिला लाभार्थियों की कुल संख्या 43,30,121 है। दिनांक 31.10.2024 तक महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना (एमएसएससी) के तहत खोले गए खातों की कुल संख्या का राज्य-वार विवरण 'अनुलग्नक' के रूप में संलग्न है।

(ख) एमएसएससी डाक विभाग और बैंकों के माध्यम से संचालित एक स्वैच्छिक बचत योजना है और 31 मार्च, 2025 को या उससे पहले दूरदराज के और जनजातीय क्षेत्रों सहित देश भर में किसी महिला द्वारा स्वयं के लिए या किसी नाबालिग लड़की के लिए अभिभावक द्वारा खाता खोला जा सकता है। एमएसएससी का ऑडियो, वीडियो इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया द्वारा यथोचित प्रचार किया जा रहा है। एजेंसियों द्वारा जनता की जानकारी के लिए खाते खोलने हेतु समय-समय पर अभियान भी चलाए जाते हैं।

*****

**अनुलग्नक**

31.10.2024 तक एमएसएससी के तहत खोले गए खातों की राज्यवार संख्या दिखाने वाला विवरण

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **योजना की शुरुआत के बाद से खोले गए खाते** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 984 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 211016 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1663 |
| 4 | असम | 64060 |
| 5 | बिहार | 74019 |
| 6 | चंडीगढ़ | 9728 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 66656 |
| 8 | दिल्ली | 109687 |
| 9 | गोवा | 12061 |
| 10 | गुजरात | 155267 |
| 11 | हरियाणा | 106274 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 143704 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 23060 |
| 14 | झारखंड | 41702 |
| 15 | कर्नाटक | 293007 |
| 16 | केरल | 114534 |
| 17 | लद्दाख | 584 |
| 18 | लक्षद्वीप | 49 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 139506 |
| 20 | महाराष्ट्र | 746223 |
| 21 | मणिपुर | 1774 |
| 22 | मेघालय | 3125 |
| 23 | मिजोरम | 2239 |
| 24 | नागालैंड | 1950 |
| 25 | ओडिशा | 416989 |
| 26 | पुदुचेरी | 7474 |
| 27 | पंजाब | 90048 |
| 28 | राजस्थान | 222169 |
| 29 | सिक्किम | 1282 |
| 30 | तमिलनाडु | 547675 |
| 31 | तेलंगाना | 107199 |
| 32 | दादरा नगर हवेली; दमन-दीव | 1519 |
| 33 | त्रिपुरा | 10454 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 269532 |
| 35 | उत्तराखंड | 78131 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 254777 |
| **कुल** | | **4330121** |